तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 14 मार्च 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

14 सीएमएचओ ने की सीएचसी नानगुर के मासिक...


14 पदेड़ा के स्कूल में कलेक्टर ने कराया न्यौता भोज


## खबर संक्षेप



### नवनिर्वाचित सरपंच व पंच ने निकाला विजय जुलूस

**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत राऊरवाही के नवनिर्वाचित सरपंच, पंच और नव निर्वाचित प्रतिनिधियों ने राउरवाही, महेंद्रपुर व सटेली में बाजे-गाजे के साथ विजय जुलूस निकाला व घर-घर जाकर आशीर्वाद लेकर अपने बहुमूल्य वोट देकर जिताने के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। जुलूस के दौरान ग्रामवासियों ने नवनिर्वाचित सरपंच व पंचों का फूल माला पहनाकर, गुलाल लगाकर व श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। ग्रामवासी डीजे बाजे की धुन पर थिरकते रहे और पटाखे फोड़कर जमकर आतिसबाजी किया गया। जुलूस में सरपंच बलराम टेपरिया, उपसरपंच तिजनबाई गावड़े, जनपद सदस्य पीलम नरेटी, नरसिंह उयके, मेहरलाल, तामेश्वर नरेटी, शिवलाल नरेटी, कृष्णा पटेल, आनंद राना, बिसनाथ उयके, प्रभा नरेटी, परमेशवरी जैन, ईश्वरी राना, श्रवन टेपरिया दुग्गा, दयाबत्ती कोमरे, शांता सलाम के साथ ग्रामवासी शामिल हुए।

### माशा जुनवानी के बच्चों को दी विदाई



**पण्डरीपानी।** नरहरपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत जुनवानी के पूर्व माध्यमिक शाला में विदाई समारोह रखा गया, जिसमें 8 वीं कक्षा के बच्चों को विदाई दिया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सोमन सिंह कावड़े, ईश्वरी कोर्राम, दयालू मरकाम, भुनेश्वर जैन, रविंदया बघेल, लक्ष्मीलाल साहू, रविशंकर दुबे, दीपा गंगेश, अनुज साहू, गनेशिया शोरी, नरेंद्री सिन्हा, राकेश कावड़े, बलराम कचलाम, अजय कुमार साहू, घनश्याम शोरी, रमेश मरकाम, प्रदीप कावड़े व अन्य लोग उपस्थित रहें।

### आवास प्लस की सूची में छूटे हुए पात्र हितग्राहियों के नाम जोड़ा जा रहा

**बीजापुर।** सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2018 में तैयार की गई आवास प्लस की सूची के अनुसार छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही सूची को नये मापदण्ड अनुसार संशोधित भी किया जाएगा तथा नये मापदण्ड के आधार पर सभी पात्र परिवारों को आवास प्लस सूची में शामिल किया जाएगा।

सियासत : नपं उपाध्यक्ष प्रत्याशी के खिलाफ मामला दर्ज करने कांग्रेस पार्षद ने थाने में की शिकायत

# उपाध्यक्ष चुनाव के बाद मचा बवाल, नपं अध्यक्ष प्रत्याशी कांग्रेस से निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- नगर पंचायत अध्यक्ष की प्रत्याशी रही भगवती ने कोरर के कांग्रेस नेताओं पर जमकर भड़की

नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में 12 मार्च को उपाध्यक्ष के चुनाव में कांग्रेस का बहुमत होने के बाद कांग्रेस की हार के बाद नगर पंचायत परिसर में बवाल मच गया। नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष का चुनाव हार चुकी कांग्रेस की प्रत्याशी भगवती गजेंद्र ने उपाध्यक्ष चुनाव में पहुँचे कांग्रेस नेताओं को खरी खोटी सुनाया, उनका कहना था कि नगर पंचायत के अध्यक्ष के चुनाव के समय एक दिन नजर नहीं आएं, उपाध्यक्ष के लिए अपने सर्मथक को खड़ा करवाकर जिताने के लिए आएं हो। बवाल की जानकारी प्रदेश संगठन को दिया गया और कांग्रेस पार्टी ने तत्काल भगवती गजेंद्र को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षो के लिए निष्कासन की कार्यवाही कर दिया। निष्कासन का पत्र जारी होते ही कांग्रेस अब भानुप्रतापपुर में दो फाड़ हो गया। जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर में नगर पंचायत उपाध्यक्ष का चुनाव हार जाने के



बाद से बवाल मचा हुआ है। एक गुट पंकज वाधवानी को और दूसरा गुट तुषार ठाकुर को उपाध्यक्ष के लिए चुनाव लड़वाना चाह रहे थे। पार्टी की ओर से पर्यवेक्षक ओर उनके सहयोगियों लोकसभा के प्रत्याशी रहे वीरेश ठाकुर और जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष हेमंत ध्रुव पहुँचे थे। अंत में निर्णय लिया गया कि कांग्रेस की ओर से नगर पंचायत के उपाध्यक्ष के प्रत्याशी पंकज वाधवानी होंगे। कई लोगों ने विरोध किया और एकमत नहीं हो सके। अंततः कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ा। नगर पंचायत परिसर के सामने पंकज वाधवानी को उपाध्यक्ष का प्रत्याशी बनाने का निर्णय लेने वालों पर नगर




पंचायत अध्यक्ष का चुनाव हारने वाली भगवती गजेंद्र जमकर भड़की, उन्होने ऐसी खुले आम भड़कते हुए कहा कि अध्यक्ष चुनाव के दिन एक दिन नजर नहीं आएं और अब उपाध्यक्ष बनाने के लिए लामबंदी कर रहे हो। मेरे बिना यहाँ कुछ होने वाला नहीं है। इस तमाशे को लोगों ने वीडियो बनाया और सोशल मीडिया में वायरल हो गया। इस घटना की जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी को दिया गया और तत्काल भगवती गजेंद्र को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्षो के लिए निष्कासन का पत्र जिला अध्यक्ष की सहमति से जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुनील गोस्वामी ने जारी कर दिया।

### पार्षद पंकज पर एफआईआर दर्ज कराने सौंपा आवेदन



भानुप्रतापपुर नगर पंचायत में 12 मार्च को हुए उपाध्यक्ष चुनाव के उपरांत आरोप प्रत्यारोप के मध्य नगर पंचायत उपाध्यक्ष का चुनाव लड़ने वाले पंकज वाधवानी ने कांग्रेस पार्षद तुषार ठाकुर पर क्रास वोटिंग का आरोप लगाया था, उसके उपरांत कांग्रेस पार्षद तुषार ठाकुर ने थाना पहुँचकर पंकज वाधवानी के खिलाफ शिकायत किया है। पुलिस को सौपे गए आवेदन में लिखा है कि 12 मार्च को नगर पंचायत भानु प्रतापपुर के उपाध्यक्ष पद का चुनाव था, जिसमें कांग्रेज समर्थित प्रत्याशी पंकजराज वाधवानी को 08 तथा भाजपा समर्थित प्रत्याशी गजानंद डड्सेना को 08 मत मिले। कांग्रेस समर्थित 10 पार्षद थे। उपाध्यक्ष पद का चुनाव गुप्त मतदान पद्धति से हुआ। मतदान पश्चात पंकज राज वाधवानी द्वारा मुझ पर यह आरोप लगाया कि मैंने कांग्रेस के पार्षदों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने बरगलाया है। पंकजराज वाधवानी द्वारा कांग्रेस के पर्यवेक्षक व प्रदेश अध्यक्ष व अन्य को शिकायत करते हुए मुझे तत्काल पार्टी से निष्कासित करने का पत्र भेजा है। मैं कांग्रेस पार्टी के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप कोई कार्य नहीं किया है। मेरी छवि धूमिल करने के उद्देश्य से पंकजराज वाधवानी द्वारा झूठी शिकायत कर वाट्सएप ग्रुप में प्रसारित किया गया है और मेरी छवि को खराब किया है। पंकजराज वाधवानी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही किया जाए। थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख ने कहा कि आवेदन को जाँच में रखा गया है, उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर कार्यवाही किया जाएगा।

## एनएच तीस पर सड़क दुर्घटना में दो घायल. एक गंभीर हायर सेंटर रिफर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर


राष्ट्रीय राजमार्ग 30 जैसाकर्रा पेट्रोल पंप के पास एक्टिवा और बाईक के बीच जबरदस्त भीड़त हो गई। हादसे में दो लोगो को चोट आई है, जिसमें एक की स्थिति गंभीर है।




प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बाहर रिफर किया गया। थाना में शिकायत करने पहुंचे खैरवाही निवासी 38 वर्षीय रूमन ध्रुव पिता स्व. फुलसिंग ध्रुव ने पुलिस को बताया कि 12 मार्च को एसबीआई बैंक कांकेर गई थी। बैंक का काम होने के बाद एसबीआई बैंक कांकेर से वापिस चारामा आने के लिए बस का इंतजार कर रही थी। उसी समय कांकेर थाना में पदस्थ महिला आरक्षक ममता टांडिया मिली, जो मुझे बताई की मैं शासकीय काम से डाक वितरण करने अपनी स्वयं की एक्टिवा से धमतरी व रायपुर जा रही हूं। उसके द्वारा रायपुर-धमतरी जाने की बात बताने पर मैंने उसे थाना चारामा तक लिफ्ट लेकर छोड़ने कहा, तो वह राजी हो गई। तब मैं उसके साथ उसकी एक्टिवा में बैठकर चारामा आ रहे थे। एक्टिवा को ममता टांडिया चला रही थी। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 कोठारी पेट्रोल पंप जैसाकर्रा के पास दोपहर लगभग ढाई बजें विपरीत दिशा से आ रही आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीडी 2958 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर हमारी एक्टिवा वाहन को ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से मैं व ममता टांडिया दोनों रोड में गिर गए, जिससे मुझे दाहिना हाथ, कंधा एवं बांए पैर में चोट लगी। ममता टांडिया को सिर, चहरे एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई, जिसे ईलाज के लिए निजी वाहन से सीएचसी चारामा लाए। डाक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार बाद ममता टांडिया को गंभीर ▸▸| शेष पेज 12 पर

## बेकाबू हाईवा की टक्कर बाइक सवार हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



चारामा थानांतर्गत रतेसरा के पास तेज रफ्तार हाईवा वाहन की ठोकर से बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को ईलाज के लिए चारामा के सरकारी अस्पताल में ले गए। चोट गंभीर होने के कारण उसे बाहर रिफर किया गया। घायल युवक के पिता ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे गोलकुम्हड़ा निवासी 64 वर्षीय कन्हैया लाल वर्मा पिता स्व. रामटहल वर्मा ने पुलिस को बताया कि 8 मार्च को मेरा बेटा प्रदीप कुमार वर्मा अपने बाईक क्रमांक सीजी 19 बीसी 2158 में सवार होकर गोलकुम्हड़ा से दुकान चारामा जा रहा था। दोपहर करीबन सवा 2 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मेन रोड ग्राम रतेसरा के पास आारेपी हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 24 एस 3034 के चालक द्वारा अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर मेरे बेटे के बाईक को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे बेटा प्रदीप वर्मा रोड में गिर गया। बाईक समेत जमीन पर गिरने से प्रदीप वर्मा के बांए पैर एवं बांए हाथ में गंभीर चोट लगा है। ईलाज के लिए शासकीय अस्पताल चारामा लेकर गए। चिकित्सको द्वारा द्वारा प्राथमिक उपचार बाद चोट गंभीर होने से बेहतर ईलाज के लिए रिफर करने पर धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## कुत्ते के चप्पल ले जाने पर विवाद व मारपीट, तीन पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



पालतु कुत्ता द्वारा घर से चप्पल को उठा ले जाने की बात को लेकर कुत्ता मालिक ने महिलाओं के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए उन्हे घायल कर दिया। थाना पखांजुर में शिकायत करने पहुंची इंदिरा आवास पखांजुर निवासी 25 वर्षीय वनीता सोनी पिता स्व. निर्मल सोनी ने पुलिस को बताया कि गृहणी काम करती हूं और 11 मार्च को रात करीबन 10 बजें हमारे घर के सामने में मैं, मां सुरजबती सोनी, बड़ी बहन नमिता सोनी, बुआ की लड़की राजबती वड्डे बैठकर बात कर रहे थे। उसी समय आरोपी जितेन्द्र रामटेके का कुत्ता भोक रहा था, तब हम लोगो ने बोला कि कुत्ता घर के अंदर घुसकर चप्पल को ले जाता है, दरवाजा को बंद कर दो। कुत्ता को भगाने पर मंदिर के सामने बैठे आरोपी जितेन्द्र रामटेके, रूपेन्द्र रामटेके, ओमप्रकाश दुबे तीनों आए और हम लोगों को कुत्ता बोलते हो बोलकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। तीनो ने एकराय होकर हाथ मुक्का एवं पाईप से मारपीट किया, जिससे मेरे दाहिना हाथ की कलाई, नमिता सोनी के कोहनी के नीचे, सुरजबती सोनी व राजबती के बांए कंधा के नीचे चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### 1115 गरीब परिवारों को मिला छत का सहारा

**बीजापुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना अपने उद्देशों को पूरा करते हुए एवं गरीब परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति प्राप्त हुई है। बीते 14 माह में 1115 गरीब परिवारों को पक्की छत का सहारा मिला है। जिला पंचायत सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार के नेतृत्व में विशेष अभियान चला कर जैसे हितग्राहियों को चौपाल लगा कर प्रशानिक अमला के सहयोग से सतत निरीक्षण किया जा रहा है।

## कृषि कालेज में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थो का ऑर्गेनोलेप्टिक किया गया परीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सिंगारभाट कांकेर के अधिष्ठाता डॉ एनके रस्तोगी के निर्देशन में सहायक प्राध्यापक इंजी. गंगाधर भगत ने चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं के फूड प्रॉसेसिंग विषय के अंतर्गत अलग-अलग प्रकार के प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का ऑर्गेनोलेप्टिक परीक्षण किया गया। आयोजित परीक्षण में आलू पापड़, गाजर कैंडी, शकरकंद चिप्स, कुरकुरे नमकीन पारे, साबूदाना चिवड़ा, कॉर्नफ्लेक्स चिवड़ा, चुकंदर जैम, अंगूर जेली, काजू मसाला, आमला गटागट, कॉर्नफ्लैक्स मिक्सचर, मेथी मठरी, सेव लड्डू, आमला पाउडर, पपीता जैम आदि प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का रंग, बनावट, कठोरता, स्वाद, मिठास आदि पैरामीटर के आधार पर खाद्य पदार्थों का ऑर्गेनोलेप्टिक परीक्षण किया। यह परीक्षण डॉ एनके रस्तोगी, डॉ जेएल नाग, डॉ पीएस मरकाम, डॉ जेएल सलाम, डॉ एके नेताम, डॉ ए दिव्या, डॉ एनएच तायडे प्राध्यापक गण खाद्य प्रसंस्करण प्रभारी इंजी गंगाधर भगत के द्वारा किया गया। परीक्षण के पश्चात सभी खाद्य पदार्थों का मार्केटिंग किया जाएगा जो छात्रों को उद्यमिता और बाजार में अपनी प्रतिष्ठा बनाने का एक उत्कृष्ठ मौका प्रदान करता हैं। ऑर्गेनोलेप्टिक परीक्षण प्रहल्लाद प्रधान, रितेश शर्मा, दीपांशु राव, प्रिंसी प्रसाद, प्रीति कश्यप, गीतांजलि नाग के द्वारा बनाए गए खाद्य पदार्थों का किया गया।

### खेत में मिला नवजात का कंकाल, जांच जारी

**कांकेर।** कोड़ेकुर्से थानांतर्गत खेत में नवजात शिशु का कंकाल बरामद किया गया। कोड़ेकुर्से निवासी गोविंद भास्कर ने पुलिस को बताया कि 12 मार्च को खेत में अज्ञात नवजात शिशु का सुखा हुआ शव पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

धुलेड़ी पर पुलिस का सभी चौक-चौराहों पर रहेगा सख्त पहरा

# कांकेर में होलिक दहन देर रात को हुआ, आज मनाएंगे धुलेड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

होलिका दहन 13 मार्च को हुआ और वहीं शुकवार 14 मार्च को धुलेड़ी यानी रंग खेलने का दिन रहेगा। बारहवीं व दसवीं की परीक्षा समाप्ति की ओर है, जिसके चलते युवाओं में होली खेलने को लेकर उत्साह देखने को मिलेगा।

होली रंग बिरंगा व मस्ती भरा पर्व है। इस दिन सारे लोग गिला शिकवा दूर कर गले लग जाते है और एक दूजे को गुलाल लगाते है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को यह त्यौहार मनाया जाता है। होली के साथ अनेक कथाएं भी जुड़ी है। इसके पीछे एक पौराणिक कथा है। भक्त प्रहलाद के पिता हिरण्य कश्यप स्वंय को भगवान मानते थे। वह विष्णु के विरोधी थे, जबकि प्रहलाद विष्णु के भक्त थे। उन्होने प्रहलाद को विष्णु भक्ति से रोका, जब वह नही माने तो प्रहलाद को मारने का प्रयास किया। प्रहलाद के पिता ने आखिर अपनी बहन से मदद मांगी। होलिका को आग में न जलने का वरदान प्राप्त था। होलिका अपने भाई की सहायता करने के लिए तैयार हो गई। होलिका प्रहलाद को लेकर चिता मे जा बैठी, परंतु विष्णु की कृपा से प्रहलाद सुरक्षित रहे और होलिका जलकर भस्म हो गई। यह कथा इस बात का संकेत करती है कि बुराई पर अच्छाई की जीत अवश्य होती है। पूर्णिमा को होली जलाते है, अगले दिन सब लोग एक दूसरे को गुलाल, अबीर और तरह-तरह के रंगो से होली खेलते है। यह त्यौहार रंगो का त्यौहार है। इस दिन लोग प्रातःकाल उठकर अपने रिश्तेदारो व मित्रों के ▸▸| शेष पेज 12 पर



### पुलिस का रहेगा सख्त पहरा

धुलेड़ी पर कांकेर में अब माहौल दिखने लगा है, पहले धुलड़ी के बजाए ज्यादा रंग का माहौल पंचमी में देखने को मिलता है। इसके बावजूद पुलिस एहतियात बरतते हुए सभी चौक - चौराहो व तिराहे पर जवान को तैनात किया है। होली के अवसर पर असामाजिक तत्वों पर पुलिस का सख्त पहरा रहेगा। सिंगारभाट से लेकर गोविंदपुर और भंडारीपारा से पंडरीपानी, बरदेभाट तक थाने की पेट्रोलिंग पार्टियां नियमित पेट्रोलिंग होगी। मस्जिद चौक, कोठारी पेट्रोल पंप, ऊपर-नीचे रोड, पुराना नाका, संतोषी मंदिर चौक, नया बस स्टैण्ड, दुधावा चौक, लट्टीपारा, शीतला मंदिर चौक, संजयनगर, डढ़िया तालाब के पास, कंकालिन तालाब, बरदेभाटा, भंडारीपारा, पुराना बस स्टैण्ड व अन्य निर्धारित पाईंटो में सुबह से ही जवान मुस्तैद रहेंगे।

### गांव वालों के साथ मनाते है होली



विधायक आशाराम नेताम ने होली के पर्व की समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि मेरी होली गांव वालों के साथ ही मनती है। गांव वाले एक साथ एकत्र होकर होली का पूर्ण आनंद लेते हुए मनाते है। उसमें मैं भी शरीक होता हूँ। इस त्यौहार में शांति, सद्भाव व प्रेम के रंग में डूब जाएं और उसका आनंद ले।

### हर्बल होली का ले आनंद



नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने कहा कि होली का त्यौहार सभी के जीवन में सुख, समृद्धि एवं खुशियां लेकर आएं। होली को शालीनतापूर्वक खेले और ऐसी होली खेले, जिसमें पानी बर्बाद न हो। हमारा यही संदेश है कि हर्बल होली खेलें। हमारी होली कांकेर नगरवासियों के साथ मनेगी।

### होली का पर्व देता है सद्भावना का संदेश



पुलिस उपमहानिरीक्षक अमित तुकाराम कांबले ने कहा कि रंगों का त्योहार होली हम सभी को आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भावना का संदेश देता है। जिलेवासी रंगो का पर्व होली को परंपरागत उल्लास के साथ मनाएं, इस मौके पर जिले के पुलिसकर्मी सदैव अपना फर्ज तत्परता से निभाते हैं। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों और पुलिस जवानों को होली के अवसर पर अपनी ड्यूटी के प्रति सजग रहते हुए नागरिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

### सद्भावना से मनाएं होली



कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने भाई-चारे एवं सद्भावना का पर्व होली की जिलेवासियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा इस पर्व को शांति व सद्भावना पूर्वक मनाएं। इसके साथ ही कांकेर की जनता से अपील की है कि जिले की परंपरा के अनुरूप रंगो का पर्व होली सद्भावना व शांतिमय ढंग से धूमधाम से मनाएं। हर्बल होली का उपयोग करें और बेवजह पानी को बेकार न बहाएं और साथ ही इस पर्व के मौके पर नशे का सेवन न करें।

### शांतिपूर्वक मनाएं होली



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आईके एलेसेला ने होली पर्व की जिलेवासियों को बधाई देते हुए कहा कि होली का त्यौहार रंग बिरंगे की तरह है और इसका आनंद लेना चाहिए। यह त्यौहार शांति सद्भाव का प्रतीक है। हमारी जनता से यही अपील है कि इस त्यौहार को शांति, सद्भाव से मनाएं और किसी अप्रिय घटना घटित होने से बचने का प्रयास करें। मैं कांकेर की आम जनता से यहीं से आपेक्षा करते है।

## भारी मात्रा में शराब बरामद कोचिया पर पुलिस कार्रवाई



**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत पीव्ही 87 के पास युवक के कब्जे से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब को जप्त किया गया। बांदे पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला की ग्राम पीव्ही 87 में स्थित गोदाम के सामने मेनरोड में एक व्यक्ति बैग में अंग्रेजी शराब रखकर अवैध रूप से धन अर्जित करने के लिए शराब का बिक्री कर रहा हैं। जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने 12 मार्च को दोपहर 12 बजें ईलाके की घेराबंदी किया। पुलिस को आता देख एक व्यक्ति घबरा गया और इधर उधर भागने का प्रयास कर रहा था। आरोपी छोटेबेठिया थानांतर्गत ग्राम बड़ेबेठिया निवासी 24 वर्षीय शरत बछाड़ पिता स्व. कालीपद बछाड़ पकड़ा गया। तालाशी लेने पर बैग में भरी हुई 4 नग ब्लूफ मास्टर अंग्रेजी शराब एवं 24 नग गोल्डन गोवा विस्की किमती करीबन 7 हजार रूपएं को जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

हरिभूमि पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## पानी, बिजली और सड़क का काम प्राथमिकता से पूरा करें

# कलेक्टर ने जीजामगांव में निर्माणाधीन औद्योगिक पार्क का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सोमवार की सुबह जीजामगांव में विकसित हो रहे औद्योगिक पार्क क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने इस क्षेत्र में विकसित की जा रही सुविधाओं की जानकारी अधिकारियों से ली। कलेक्टर ने औद्योगिक पार्क में चल रहे निर्माण कार्यों को तेज करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने औद्योगिक पार्क में काम करने वाले श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने औद्योगिक पार्क क्षेत्र में सड़क बनाने का काम पूरी गुणवत्ता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सड़क के काम में कोताही बरतने पर कड़ी कार्रवाई और लागत राशि वसूलने की भी सख्त हिदायत दी।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के पास जी-जामगांव में लगभग 10 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर सामान्य औद्योगिक क्षेत्र विकास का कार्य तेजी से किया जा रहा है। राज्य सरकार की औद्योगिक नीति के प्रावधानों के अनुसार इस क्षेत्र में विभिन्न प्रकार



के उद्योगों को स्थापित करने के लिए छूट एवं अनुदान आदि सभी सुविधायें उपलब्ध कराई जाएंगी। औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों को आवश्यकता अनुसार अलग-अलग आकार के 40 भूखण्ड उपलब्ध कराए जाएंगे।

कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र में पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने पानी की उपलब्धता और नाली निर्माण का काम तेजी से करने को कहा। कलेक्टर ने परिसर में निर्माणाधीन पानी टंकी के काम का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने पूरे परिसर में उद्योगों की जरूरतों के अनुसार बिजली की भी व्यवस्था निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्याप्त क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाने, स्ट्रीट लाइट आदि के लिए भी अभी से प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

श्री मिश्रा ने औद्योगिक क्षेत्र में भूमि समतलीकरण करते समय पानी निकासी की उचित व्यवस्था पर भी फोकस करने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि भूमि समतलीकरण के उपरांत परिसर में कहीं भी जलभराव की स्थिति नहीं होनी चाहिए।

# खर्रा पंचायत के लेखराम साहू बने उपसरपंच



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम पंचायत खर्रा में उपसरपंच का चुनाव काफी रोमांचक रहा। दो प्रत्याशी नरेंद्र कुमार ध्रुवंशी और लेखराम साहू ने उपसरपंच के लिए दावेदारी दी। लेखराम साहू को 10 मत वहीं नरेंद्र ध्रुवंशी को 3 मत मिले। इस तरह से लेखराम साहू उपसरपंच चुने गए। विदित हो कि सरपंच चुनाव में केशरी ओमप्रकाश ध्रुव ने खेमीन परमानंद ध्रुव को 6 वोटों से पराजित किया। मौके पर नवनिर्वाचित सरपंच केशरी ओमप्रकाश ध्रुव सहित पंचगण कुसुमलता ध्रुवंशी, रुक्मणी वर्मा, खिलावन साहू, पार्वती कश्यप, त्रिवेणी साहू, लेखराम साहू, दुष्यंत पटेल, दीना साहू, सतरूपा साहू, नरेंद्र साहू, रंजीता नगारची सहित अन्य उपस्थित थे।

# वार्षिक सम्मेलन में समाज के उत्थान पर किया मंथन





हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

साल्हेभाट मुड़ा के ग्राम भालूचुआ में आयोजित आदिवासी ध्रुव गोंड समाज परिक्षेत्र सलोनी के वार्षिक सम्मेलन व सभा में समाज के उत्थान और उन्नति पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम के अतिथि जिला पंचायत सदस्य अजय फत्ते लाल ध्रुव ने समाज की प्रगति को लेकर अपने विचार रखे।

# 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई

■ भैंसबोड़ में महिला जागृति शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

ग्राम भैंसबोड़ में महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीण माहिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती कुलेश्वरी सुनील गायकवाड़ जिपं सदस्य धमतरी, विशिष्ट अतिथि गंगाबाई संतराम साहू सरपंच भैंसबोड़, लेखराम साहू पूर्व सरपंच अंवरी, नागेश साहू उपसरपंच थे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ। अतिथियों का स्वागत स्कूल के बच्चों द्वारा स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक नृत्य से किया गया। आंगनबाड़ी के बच्चों ने कविता और गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। गर्भवती





महिलाओं की गोदभराई की रस्म निभाई गई। अतिथियों द्वारा अंकुरित चना-मूंग, आयरन टेबलेट और श्रीफल, रेडी टू ईट दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजन तथा हरी साग सब्जियों की प्रदर्शनी लगाई गई। पर्यवेक्षक अरुणा मिश्रा ने सरकार की विभिन्न योजनाओं सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के बारे में माहिलाओं को जानकारी दी। महिलाओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी रखी गई। एएनएम जानेश्वरी बंजारे द्वारा टीकाकरण भी किया गया।

इस अवसर पर अंवरी परिक्षेत्र पर्यवेक्षक नीता वर्मा, अरुणा मिश्रा, मोनिका साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बबीता शिंदे, अनुसुइया साहू, टिकेश्वरी साहू, किरणलता जोशी, मीना यादव, चन्द्रकला भतपहरी, दीपा निषाद, कमलेश मिश्रा, शारदा ध्रुव, जागेश्वरी बघेल, सरोजनी टंडन, हेमा वैष्णव, ईश्वरी तारक, नीलम साहू, लता साहू समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# गणित के प्रति रूचि बढ़ाने शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

■ भिलाई में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में बालोद जिले से दो शिक्षकों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरूर(धमतरी)

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर ने राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई में आयोजित किया जिसमें बालोद सहित राज्य के कुल 50 शिक्षकों ने भाग लिया।

बालोद जिला से अजय वर्मा शिक्षक माध्यमिक शाला पेरपार एवं चांदनी वर्मा सहायक शिक्षक माध्यमिक शाला गुरूर ने तीसरे चरण में जिले का प्रतिनिधित्व किया। अंतिम दिवस सभी प्रतिभागियों ने फीडबैक दिया। प्रशिक्षण कार्यशाला में आईआईटी भिलाई विशेषज्ञों द्वारा शालाओं के विद्यार्थियों में साइंस के प्रति रूचि, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, गणित के प्रति



रूचि, रसायन एवं भौतिक क्रियाओं की समझ बनाने प्रशिक्षित किया गया। आईआईटी भिलाई के डां अनिल साहू ने कहा कि देश के विकास में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। डां महबूम आलम ने गतिविधि निरीक्षण, खेल प्रयोग, कला और चित्रण आधारित शिक्षण कराने पर जोर दिया। डां अशरीफा द्वारा बीजगणित को प्रेक्टिल आधारित सिद्ध करने सिखाया। डां निकेत ने पानी और हवा की दबाव आधारित क्रिया बताई।

# नवागांव कसपुर में गणेश बने निर्विरोध उपसरपंच



■ पंचायत के विकास के लिए सभी प्रतिनिधियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा : कमलेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम पंचायत नवागांव कसपुर में हुए उपसरपंच चुनाव में सर्वसम्मति से गणेश साहू को निर्विरोध उपसरपंच चुना गया। पंचायत के सभी पंचों ने एकमत होकर उनका समर्थन किया। उनके निर्विरोध निर्वाचन पर नागरिकों में हर्ष का माहौल है। ग्रामवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पंचायत क्षेत्र का विकास नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।

निर्वाचन के पश्चात गणेश साहू ने सभी पंचों एवं प्रमुखों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उन्हें जनता के सहयोग और विश्वास से मिली है, जिसे वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगी। सरपंच कमलेश्वरी ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए सभी प्रतिनिधियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि गणेश साहू के नेतृत्व एवं सहयोग में पंचायत को नई दिशा मिलेगी और जनहित में प्रभावी कार्य होंगे।

मौके पर पीठासीन अधिकारी शोभितराम नेताम, सचिव प्रमोद महिलांगे, रोजगार सहायक हिरोंदी साहू, पूर्व उपसंरपच शिवकुमार साहू, परऊ मरकाम, केशव विश्वकर्मा, भारत साहू, प्रकाश नेताम, दिनेश साहू एवं पंचगण ईश्वरी नेताम, नवीन नागेश, जानकी साहू, देवकी मरकाम, कुमारीबाई साहू, पवन साहू, शिशुपाल साहू, प्रभा नेताम, हिरौंदीबाई साहू, गन्नू मरकाम, नीरा नेताम, बृजलाल नेताम, रिकी नाग, जयंती नेताम, नीराबाई मरकाम उपस्थित थे।

## नगर व्यवस्था समिति की कार्यकारिणी घोषित

**नगरी।** नगर व्यवस्था समिति नगरी के नवनियुक्त अध्यक्ष नंद यादव ने त्रिवर्षीय कार्यकाल के लिए अपनी टीम की घोषणा की। उपाध्यक्ष दुलेश्वर गौर, उपाध्यक्ष सहदेव साहू, उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, उपाध्यक्ष हेमलाल सेन, उपाध्यक्ष दीनदयाल सरपा,



उपाध्यक्ष धरम निषाद, उपाध्यक्ष हरीश सार्वा, सचिव प्रदीप जैन, सहसचिव सुरेश साहू, सहसचिव नरेंद्र नाग, सहसचिव अशोक पटेल, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद साहू, युवा शक्ति विकास सोनी, निखिल नेताम, कुलदीप देवांगन, कार्यकारिणी सदस्य देवीचंद ढेलढिया, नोहर साहू, रामस्वरूप अमतिया, रविन्द्र गौर, प्रदीप निषाद, सूनाराम यादव, देवेन्द्र साहू, बीना राम साहू, कमलेश निर्मलकर, बीर कुमार हिरवानी, नोहरु साहू, सुखु साहू, वरुण साहू, परसादी राम साहू, मार्गदर्शक अंजोर सिंह गौर, रघुराम साहू, राघवेन्द्र वर्मा, ललित शर्मा, हृदय नाग, बृजलाल सार्वा, आरएल श्रीमाली, हिन्छाराम सोम, पुजारीगण सत्योम सोम, ईतवारी राम नेताम, प्रफुल्ल अमतिया, गिरिजाशंकर सोम, पं ठकुरीधर शर्मा, उत्तम गौर, होरी लाल पटेल, शैलेन्द्र लहौरिया, सेमन्त पटेल, मीडिया प्रभारी गोपी कश्यप, कुलदीप साहू, अभिनव अवस्थी, राजशेखर नायर, जीवन नाहटा, गोपी कश्यप, दीपेश निषाद, अशोक संचेती बनाए गए।

# शहर के वाटर एटीएम बने शो-पीस, सात में से 5 खराब




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के सात स्थानों पर 70-70 हजार खर्च कर बनाए गए वाटर एटीएम अब

■ आम आदमी को शुद्ध और ठंडा पानी उपलब्ध कराने की योजना खटाई में पड़ी

सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। खराब होने के कारण शहर में शोपीस बनकर रह गये हैं। लोगों को बिना शुल्क के ठंडे पानी देने की योजना अब अधर पर लटक गई है। 7 में से 2 ही मशीन चालू है। शेष 5 खराब पड़ी है। गर्मी का सीजन शुरू हो गया है। राहगीरों को पानी के लिए बंद बोतल पानी या होटलों का सहारा लेना पड़ेगा। आम आदमी को शुद्ध और ठंडा पानी उपलब्ध कराने की योजना खटाई में पड़ गई है। चार वाटर एटीएम 5 साल से बंद हैं। एक एटीएम पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया है जिसे अभी तक नहीं सुधारा गया है। विगत पांच साल में रिपेयरिंग के नाम पर लाखों रूपये खर्च हो गए लेकिन वाटर एटीएम पूरी तरह बन नहीं पाया। उल्लेखनीय है कि आबादी के हिसाब से शहर के बस स्टैंड, आमातालाब रोड, रामपुर वार्ड, इतवारी बाजार, रामबाग क्षेत्र में वाटर एटीएम बनाया गया था। शुरूआत में वाटर एटीएम का अच्छा रिस्पॉन्स मिला। लोगों को मौसम के अनुकूल शुद्ध पानी मिलने लगा था। मशीनें सालभर अच्छी चलीं लेकिन खराब होने पर वाटर एटीएम मशीन का शटर डाउन होते गया जो अभी तक नहीं उठ पाया है। वर्तमान में इतवारी बाजार, रामबाग चौक में लगाए गए वाटर एटीएम चालू है। शेष स्थानों की मशीनें खराब हैं। लोगों की मांग पर भी संचालक एजेंसी इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। मार्च माह लगते ही पारा 38 से 40 डिग्री पहुंच गया है। कुछ दूरी के सफर के पश्चात लोग प्यासे नजर आ रहे हैं।

# औषधि विक्रेता संघ का होली मिलन समारोह

**धमतरी।** जिला औषधि विक्रेता संघ द्वारा होली मिलन समारोह हरदिहा साहू समाज भवन धमतरी में रखा गया जिसमें पूरे जिले एवं सभी जोन के केमिस्ट पदाधिकारी, सदस्यगण शामिल हुए। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष राजेश साहू, सचिव सतराम वासानी, कोषाध्यक्ष नीरज किरण, संरक्षक मनीष चंद्राकर, संयोजक तेजपाल जैन, बलराज खंडेलवाल, रूपेंद्र साहू, अशोक दुबानी, नीरज नाहर, इंदु हिंदूजा, मनीष नहर, मनीष साहू, प्रकाश वासानी, अजय पटवारी, विजय ददलानी, विक्की रामरखानी, निखिल अग्रवाल, रुद्री ग्रामीण जोन के अध्यक्ष राकेश साहू,




रूपेण साहू, रोशन साहू, डॉ. भूपेंद्र साहू, भीष्म साहू, योगेश्वर साहू, मनोज साहू, नागेंद्र साहू, रिखभ जैन, कंवल साय, प्रदीप जैन, तोरण बनपेला, नवीन साहू, अशोक शर्मा, नेमीचंद बैस, विनय गंजीर, घनाराम साहू, धर्मेंद्र केसरवानी, हरीश साहू, डॉ. टीआर सिन्हा, ओपी चंद्रवंशी, घनश्याम साहू, डॉ. वेदप्रकाश सिन्हा उपस्थित थे।

# जेनेसिस महाविद्यालय में मनाई गई होली




**धमतरी।** जेनेसिस महाविद्यालय में होली महोत्सव मनाया गया। इसमें सभी छात्रों, शिक्षकों एवं स्टॉफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पारंपरिक तरीके से एक दूसरे को रंग लगाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य शिरोमणि सोनी ने कहा कि यह पर्व आपसी प्रेम एवं भाईचारे का प्रतीक है।

उन्होंने सामाजिक सौहाद्र बनाये रखने एवं पर्यावरण के प्रति जागरुक रहते हुए सुरक्षित होली मनाने की अपील की। मौके पर गौरव लोहाणा, हरीश नागवानी, ओसीन कटारिया, रितेश सिंह, जितेन्द्र कुमार एवं योगेश साहू उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष...

### एनएच तीस पर...

चोट लगने से उचित ईलाज के लिए हायर सेंअर रिफर किया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### कांकेर में होलिक...

घर जाते है और उनके साथ जमकर होली खेलते है। बच्चो के लिए यह विशेष महत्व रखता है। सभी लोग बैर भाव भूलकर एक दूसरे से परस्पर गले मिलते है। घरो में महिलाएं एक दिन पहले से मिठाई व गुझिया बनाती है और आस पड़ोस में बांटती है। कई लोग होली की टोली बनाकर निकलते है उन्हे हुरियारे कहते है। ब्रज की होली, मथुरा की होली, वृन्दावन की होली, बरसाने की होली, काशी की होली पूरे भारत में मशहूर है।

## पंद्रह सौ स्कूलों में चौबीस हजार विद्यार्थी दिलाएंगे परीक्षा

# बोर्ड पैटर्न पर होगी पांचवीं, आठवीं की वार्षिक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राज्य शासन के आदेश पर प्राथमिक, माध्यमिक कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर होगी। परीक्षा का टाइमटेबल जारी कर दिया गया है। पांचवीं की परीक्षा 17 मार्च से एवं 8वीं की परीक्षा 18 मार्च से शुरू होगी। इस बार पांचवीं में 11837 विद्यार्थी एवं आठवीं में 12501 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

डीईओ टीआर जगदल्ले ने बताया कि परीक्षा अध्ययनरत स्कूलों में होगी। उत्तरपुस्तिकाओं




की जांच दूसरे ब्लाक के स्कूलों में होगी। दोनों कक्षाओं की परीक्षा सुबह 9 बजे होगी। श्री जगदल्ले ने बताया कि समय-सारिणी के अनुसार पांचवीं का गणित पेपर 17 मार्च को, 21 को अंग्रेजी, 24 को हिन्दी, 27 मार्च को पर्यावरण की परीक्षा होगी। इसी तरह आठवीं की परीक्षा में पहला पेपर 18 मार्च को गणित, 22 को हिन्दी, 26 मार्च को अंग्रेजी, 29 मार्च को सामाजिक विज्ञान, 1 अप्रैल को विज्ञान, 3 अप्रैल को संस्कृत, उर्दू का पेपर होगा। परीक्षा के लिए दूसरे स्कूलों का शिक्षक केन्द्राध्यक्ष होगा। निगरानी के लिए उड़नदस्ता की टीम गठित की गई है। परीक्षा पूरी तरह निःशुल्क है। परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र 15 मार्च को वितरित होगा। परीक्षा समाप्त होने के बाद पांचवी की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच 30 मार्च से प्रारंभ होगी।

# जनसहयोग से सियारीनाला स्कूल को स्मार्ट टीवी भेंट किया




**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला सियारीनाला को जनसहयोग से 43 इंच का स्मार्ट टीवी भेंट किया गया। इसमें पालक, शिक्षक एवं ग्रामवासियों की सहभागिता रही। कक्षा पांचवीं में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह रखा गया। जयश्री कृष्णा स्वसहायता समूह गुडरापारा द्वारा न्योता भोजन में खीर पूड़ी एवं पनीर परोसा गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती सुगोन नेताम, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष कल्याण कुंजाम, प्रधानपाठक खेमन सार्वा, सहायक शिक्षक सुनील कुंजाम, होमनलाल साहू, लीना नेताम, सरोजनी कुंजाम, चमारिन बाई पंच, खिलेश्वरी निषाद, ममता पडौटी, भगवती पडौटी, सावित्री कुंजाम, देवदत्त पडौटी, चिंताराम शोरी समेत अनेक ग्रामवासी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### नवनिर्वाचित सरपंचों का जिला प्रशिक्षण 17 से

**कांकेर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजनांतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज निर्वाचन पश्चात जिले के सभी नवनिर्वाचित सरपंचों का एक दिवसीय अभिमुखीकरण परिचायात्मक प्रशिक्षण 17 से 28 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण जिला पंचायत संसाधन केन्द्र कांकेर आजीविका महाविद्यालय गोविन्दपुर एवं जनपद पंचायत संसाधन केन्द्र पखांजूर में प्रातः 10 से शाम 05 बजे तक जिला स्तरीय प्रशिक्षण टीम के द्वारा किया जाएगा, इसके लिए तिथिवार समय-सारणी जारी की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी ने बताया कि नवनिर्वाचित सरपंचों का आधारभूत प्रशिक्षण उन्मुखीकरण के लिए जनपद पंचायत कांकेर के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण 17 मार्च को निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के लिए 18 मार्च, चारामा के नवनिर्वाचित सरपंचों के लिए 20 मार्च, अंतागढ़ के लिए 21 मार्च, भानुप्रतापपुर के लिए 24 मार्च, कोयलीबेड़ा के लिए बीपीआरसी भवन पखांजूर में 26 एवं 27 मार्च तथा जनपद पंचायत नरहरपुर के लिए गोविंदपुर स्थित लाइवलीहुड कॉलेज डीपीआरसी कांकेर में 28 मार्च की तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित सरपंचों को आधार अपडेशन की सुविधा भी लोकसेवा केन्द्र के माध्यम से प्रशिक्षण स्थल पर ही उपलब्ध कराया जाएगा।

### महिला दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान कार्यक्रम

**बस्तर।** बस्तर ब्लॉक के ग्राम मधोता में बुधवार को बस्तर सेवक मंडल के तत्वाधान में बिहान महिला समूह एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान कार्यक्रम में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मटका फोड़ ,कबड्डी, कुर्सी दौड़, रस्सा खींच सहित अन्य खेलकूद मनोरंजन प्रतियोगिता करवाया गया।कार्यक्रम में बिहान समूह की महिलाएं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### सास बहु सम्मेलन का हुआ आयोजन

**बस्तर।** प्रा. स्वास्थ्य केंद्र केशरपाल के उप स्वास्थ्य केंद्र बनियागांव मे सास बहु सम्मेलन का आयोजन किया गया।इस दौरान बीएमओ डॉ पीएन शांडिल्य ,बीईटीओ जोशी, बीपीएम राजेंद्र कुमार द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम एवं अन्य स्वास्थ्य सम्बन्धित जानकारी दी गई ।

### निधन

### रामदास मानिकपुरी

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल के



निवासी रामदास मानिकपुरी का बीती रात्रि निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम दुर्गुकोंदल में किया, जिसमें ग्रामवासी व रिश्तेदार उपस्थित रहे। वे वर्तमान कोटवार रमईबाई मानिकपुरी के पति एवं लवदास, कुश दास, हरेशदास, महेश दास मानिकपुरी के पिता थे।

## कमिश्नर की अध्यक्षता में मेडिकल कॉलेज के स्वशासी प्रबंधकारिणी समिति की बैठक

# मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाने करें पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कमिश्नर एवं पदेन अध्यक्ष स्वशासी समिति स्व. बलीराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल डोमन सिंह की अध्यक्षता में मेडिकल कॉलेज के सभाकक्ष में स्वशासी प्रबंधकारिणी समिति की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न एजेंडा पर चर्चा किया गया, साथ ही गत स्वशासी प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में हुई निर्णयों के क्रियान्वयन पर भी चर्चा किया गया और किलकारी योजनांतर्गत मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में जल्द से जल्द झूला घर प्रारंभ किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही ब्लड बैंक लायसेंस का नवीनीकरण शीघ्र करवाने का निर्णय लिया गया।

बैठक के दौरान कमिश्नर ने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने पर बल देते हुए कहा कि बस्तर अंचल के जनता की चिकित्सा जरूरतों को ध्यान रखकर उन्हें संवेदनशीलता के साथ उपचार सुविधाएं प्रदान करें। उन्होंने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में ट्रामा यूनिट एवं क्रिटिकल केयर सेंटर की सुविधाओं को भी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर हरिस एस ने चिकित्सकों के लिए वैकल्पिक आवासीय व्यवस्था हेतु आवश्यक पहल करने आश्वस्त करते हुए खेल मैदान समतलीकरण एवं विकास के लिए प्रस्ताव तैयार किए जाने कहा। साथ ही मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भवन के समुचित रख-रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मेडिकल कॉलेज के स्टॉफ की आवासीय परिसर निर्माण के लिए भूमि चिन्हित करने, चिकित्सकों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल तथा छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास निर्माण हेतु भूमि चिन्हित करने तथा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक पुलिस बल की ड्यूटी लगाने का निर्णय लिया गया। वहीं मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के आय के स्रोत में वृद्धि के लिए मेडिकल कॉलेज कैम्पस में संचालित पंजाब नेशनल बैंक भवन तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के दुकानों का किराया नियमानुसार निर्धारित किए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अधिष्ठाता मेडिकल कॉलेज एवं सदस्य सचिव डॉ. प्रदीप बेक, मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकगण, अधीक्षक सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल डॉ. टीकू सिन्हा सहित स्वशासी प्रबंधकारिणी समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## सीएमएचओ ने की सीएचसी नानगुर के मासिक बैठक की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सीएचसी नानगुर के कर्मचारियों की मासिक समीक्षा बैठक में सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक पहुंचे। उन्होंने ऑनलाइन एंट्री और वंदन योजना के बारे में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को बताते हुए कलेक्टर के निर्देश का पालन करने का आदेश सभी कर्मचारियों को दिया। सीएचसी के अधीन सभी आम केंद्रों में निश्चय निरामया के तहत जनसंख्या के अनुरूप जोखिम ग्रुप के सभी पात्र व्यक्तियों के स्पूटम जांच और एक्स-रे करवाने के बारे में कड़े निर्देश सुपरवाइजर के माध्यम से प्रत्येक आम के कर्मचारियों तक पहुंचाने की बात बीपीएम शकुंतला जंघेल को बताई। ब्लॉक डाटा मैनेजर हीरा को इस संबंध में सभी पीएचसी के सहायक ग्रेड 3 और पीएडीए को अनिवार्य रूप से इस सत्र के अंतिम पखवाड़े में कार्य को पूर्ण करने की बात कही। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेएल दरियो, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर शकुंतला, ब्लॉक डाटा मैनेजर हीरा, सीएचसी नानगुर के तहत कार्यरत सभी सुपरवाइजर एलएचबी, स्टाफ नर्स, सीएचओ, आरएओ मेल, फीमेल उपस्थित रहे। मासिक बैठक की समीक्षा उपरांत सीएमएचओ नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र भवन गुमलवाड़ा का निरीक्षण करने पहुंचे जहां पर स्वास्थ्य केंद्र में अभी पानी और बिजली की कमी के साथ-साथ आवागमन हेतु सब सेंटर का रास्ता और बाउंड्री वॉल की कमी पाई गई। जिसके लिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। उक्त जानकारी प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी शकील खान द्वारा दी गई है।

## एलिमेंट्री एवं सेकेंडरी स्तरीय क्विज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी एल एल धनेलिया, जिला मिशन समन्वयक कमलदास झाड़ी एवं सहायक परियोजना समन्वयक वेंकट रमन के नेतृत्व में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता जिले के चारों विकासखंडों के ब्लॉक मुख्यालय में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में संकुलों से एलिमेंट्री एवं सेकेंडरी स्तर से चयनित तीन-तीन प्रतिभागियों को आमंत्रित कर विकासखंड स्तरीय एलिमेंट्री एवं सेकेंडरी स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रत्येक विकासखंड से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों का चयन कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु एलिमेंट्री एवं सेकेंडरी स्तर से कुल 24 प्रतिभागियों का चयन किया गया।

एलिमेंट्री स्तर क्विज प्रतियोगिता में विकासखंड भैरमगढ़ एलिमेंट्री स्तर से मुनमुन यादव प्रथम, सुजीता पैगर द्वितीय एवं लखन कुंजाम तृतीय तथा विकासखंड उसूर से मंजू चिकुड़ प्रथम, चौतन्य निषाद द्वितीय, श्रावणी तृतीय, विकासखंड बीजापुर से सरस्वती लेकाम प्रथम, सुनीता गोटा द्वितीय, प्रियांशु काका तृतीय, विकासखंड भोपालपटनम से सुजाता प्रथम, आर्यन पूनेम द्वितीय, रोहित करपम तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह सेकेंडरी स्तर विकासखंड भैरमगढ़ से श्रेया पटेल प्रथम, लता यादव द्वितीय, राजेश मंडावी तृतीय, विकासखंड उसूर से इंदु काका प्रथम, फूलमती लेकाम द्वितीय, रोहित जव्वा तृतीय, विकासखंड बीजापुर से सेवंती वारगेम प्रथम, रेणुका कोरसा द्वितीय, महेश्वरी सोन्ला तृतीय, विकासखंड भोपालपटनम से श्रेया कुम्मर प्रथम, कृतिका वासम द्वितीय, दिव्या टिंगे तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## पदेड़ा के स्कूल में कलेक्टर ने कराया न्यौता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा ने अपने जन्म दिवस के उपलक्ष्य में नियद नेल्लानार गांव के प्राथमिक शाला

- बच्चों को पौष्टिक भोजन के साथ-साथ स्कूल बैग और टी शर्ट का वितरण



पदेड़ा में न्यौता भोज का आयोजन कर बच्चों के साथ अपना जन्म दिन मनाया। कलेक्टर के जन्मदिन को स्कूली बच्चों ने केक काट कर मनाया वहीं न्यौता भोज के आयोजन कर स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन, खीर, पुड़ी, फल एवं मिठाई का वितरण किया। कलेक्टर ने बच्चों के बीच बैठकर भोजन किया और बच्चों को स्कूल बैग एवं टी शर्ट का भी वितरण कलेक्टर द्वारा किया गया।



प्राथमिक स्कूल के नन्हे बच्चे कलेक्टर को अपने बीच पाकर उत्साहित नजर आए और जिला प्रशासन द्वारा संचालित निपुण बीजापुर जो गतिविधियों पर आधारित खेल-खेल में शिक्षा एवं दक्ष बीजापुर नवोदय जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जो शिक्षकों द्वारा कराया जा रहा है उसका डेमो भी दिखाया।

कलेक्टर ने बच्चों की गतिविधियों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और भी बेहतर तरीके से गतिविधियों को सीखने एवं मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, बीईओ बीजापुर डालेन्द्र देवांगन एवं सहायक परियोजना समन्वयक जाकिर खान ने भी बच्चों के साथ न्यौता भोज का आनंद लिया और बच्चों को प्रोत्साहित किए।

## 204 कोबरा और 81 वाहिनी सीआरपीएफ ने मलमपेंटा में किया सिविक एक्शन प्रोग्राम



**जगदलपुर।** सीआरपीएफ कमांडेंट मनीष कुमार मीणा और कोबरा कमांडेंट संतोष मल्ल के निर्देशानुसार द्वितीय कमान अधिकारी संतोष कुमार और कोबरा कंपनी कमांडर अजय कुमार के नेतृत्व में सीआरपीएफ कोबरा ने बीजापुर के तालपरु नदी किनारे नक्सलप्रभावित क्षेत्र के गांव मलमपेंटा में ग्रामीणों और सुरक्षा बलों के बीच रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जिसके तहत मेडिकल कैम्प लगाया गया। कोबरा डॉक्टर साईं शशांक की मेडिकल टीम ने लगभग 100 ग्रामीणों का इलाज किया और दवाईयां दी । कोबरा बटालियन की ओर से टीम कमांडर शंकर लाल के द्वारा ग्रामीण महिलाओं और बच्चों को वस्त्र भी वितरित किए गए। ग्रामीणों ने बताया कि वो सुरक्षा बलों के इस इलाके में कैम्प लगने से बहुत खुश हैं और अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रहे हैं । सीआरपीएफ और कोबरा ने सभी नागरिकों को आश्वस्त किया कि वे दिनरात उनकी सेवा में रहेंगे और ग्रामीण कभी भी किसी भी प्रकार की मदद के लिए कैम्प में आ सकते हैं।

## दोरनापाल में नपं के नए अध्यक्ष और पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

नगर पंचायत दोरनापाल में बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ अतिथियों का पुष्प गुच्छ से

- शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए सांसद महेश कश्यप
- राधा नायक ने ली नगर पंचायत दोरनापाल अध्यक्ष पद की शपथ



स्वागत के साथ किया गया। नगर पंचायत दोरनापाल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राधा नायक के साथ सभी 15 पार्षदों ने अपने पद और गोपनीयता की शपथ ली। नवनिर्वाचित पार्षदों में गीता मिड़ियम,धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया, ललिता मिड़ियम, बसंती यादव, जमुना यादव सोड़ी मंगली पुष्पलता भदौरिया, अरूण सुनानी, मड़कम हुँगी, कोशी ठाकुर, लक्ष्मी चौहान, सोड़ी मंगी, शेखर शायतोड़े, मड़कम पोदिये, मड़कम राजे शामिल थे। नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाने का कार्य पीठासीन अधिकारी एवं एसडीएम शबाब खान ने किया।

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार के साथ दोरनापाल में ट्रिपल इंजन की सरकार बन गई है। नगर पंचायत दोरनापाल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। नगर के समग्र विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को मिलकर कार्य करना होगा। महिला सशक्तिकरण और युवा विकास कैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। जिससे क्षेत्र की जनता को अधिक से अधिक समग्र विकास का लाभ मिल सके।

दोरनापाल की नवनिर्वाचित अध्यक्ष राधा नायक ने कहा कि हम सभी वर्ग और सभी समाज को साथ में लेकर आगे बढ़ेंगे। शहर के सभी प्रबुद्ध नागरिकों को मूलभूत सुविधा 24 घंटे बिजली, साफ पेयजल, साफ-सफाई तथा पक्की सड़क समेत नगर के समग्र विकास के लिए हम सब मिल जुलकर काम करेंगे।

## जुनवानी पंचायत के उपसरपंच बने दयालू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पण्डरीपानी

विकास खण्ड नरहरपुर के सभी ग्राम पंचायतों में शनिवार को उपसरपंच के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हुई। उपसरपंच के निर्वाचन के लिए ग्राम पंचायत को मतदान केन्द्र बनाया गया था। कहीं उपसरपंच के लिए मतदान तो कहीं निर्विरोध निर्वाचित हुए।



ग्राम पंचायतों में पीटासीन अधिकारी की उपस्तिथि में उपसरपंच का चुनाव संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत जुनवानी में उपसरपंच के लिए दयालू मरकाम और उत्तम शोरी के बीच मुकाबला हुआ। दयालू मरकाम ने 9 वोट लेकर 1 वोट से उपसरपंच का पद हासिल कर उपसरपंच पद पर विजयी हुए। वहीं प्रतिद्वंदी उत्तम शोरी को 8 वोट मिले। चुनाव के नतीजे आने के बाद नव निर्वाचित उपसरपंच दयालू मरकाम ने जनपद अध्यक्ष सोमन सिंह कावड़े, पीटासीन अधिकारी अनुज साहू, सरपंच ईश्वरी कोर्राम, ग्राम सभा अध्यक्ष कमलेश कोमरा, सचिव अश्वनी कोकिला, गनेशिया शोरी, नरेंद्री सिन्हा, ललिता कावड़े, सरिता सेन, दिनेश्वरी कावड़े और समस्त पंच के साथ नंद कुमार सिन्हा, राकेश कावड़े, देवकरण साहू, हेमराज पटेल,मुकेश सेन,घनश्याम शोरी, कन्हैया पटेल रोहिदास साहू, फुलसिंग जैन, संतराम साहू, राजेश्वर साहू, भैया राम साहू व अन्य लोग उपस्थित रहें।

## मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के नाम से कोई योजना संचालित नहीं

- जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने की पुष्टि

**कांकेर।** सोशल मीडिया व अन्य संचार माध्यमों से यह जानकारी प्राप्त हो रही है कि कुछ अज्ञात लोगों के द्वारा मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के नाम से योजना संचालित होने की भ्रमक जानकारी फैलायी जा रही रही है, जिसमें 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के माता पिता की मृत्यु 01 मार्च 2020 के बाद होने की स्थिति में ऐसे परिवारों के दो बच्चों को मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के नाम से प्रतिमाह 4 हजार रुपये के मान से सहायता राशि प्रदान किये जाने की भ्रामक, झूठी जानकारी दी जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विपिन जैन इस संबंध में यह स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के नाम से कोई योजना स्वीकृत अथवा संचालित नहीं है। उन्होंने जनसामान्य से अपील की है कि। वे ऐसे किसी भी भ्रामक, अपुष्ट व झूठे प्रचार-प्रसार के झांसे में न आएं और न ही इस कार्य हेतु किसी भी व्यक्ति के प्रलोभन में आकर उन्हें कोई राशि अथवा व्यक्तिगत जानकारी न देवें। साथ ही यह भी आग्रह किया है कि ऐसी योजना से लाभ दिलाने का झांसा देने वाले व्यक्ति के विरुद्ध निकट के पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं तथा इसकी सूचना जिला बाल संरक्षण अधिकारी, कार्यालय जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कलेक्टोरेट परिसर कांकेर को अवश्य सूचित करें।

## महिला एवं बाल विकास विभाग में भर्ती के लिए दावा-आपत्ति 21 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई में विभिन्न रिक्त पदों की पूर्ति के लिए प्राप्त आवेदनों पर दावा आपत्ति आमंत्रित की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि जिला स्तर पर संरक्षण अधिकारी संस्थागत, परामर्शदाता, सामाजिक कार्यकर्ता, लेखापाल एवं आउटरीच वर्कर के कुल 06 स्वीकृत पद तथा चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 अंतर्गत परियोजना समन्वयक, परामर्शदाता, सुपरवाईजर, केसवर्कर के कुल 08 स्वीकृत पद एवं किशोर न्याय बोर्ड, बालक कल्याण समिति अंतर्गत कार्यालय सहायक सह डाटा एन्ट्री आपरेटर के कुल 02 स्वीकृत पदों की पूर्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। उन्होंने जानकारी दी है कि प्राप्त आवेदन पत्रों की जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा स्क्रूटनी के पश्चात परीक्षण कर पात्र, अपात्र की प्रारम्भिक सूची तैयार की गयी है। इस सूची का अवलोकन जिले की वेबसाईट एवं कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कांकेर के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है, जिसका अवलोकन कर सकते हैं। संबंधित आवेदकों के द्वारा उपरोक्त सूची अनुसार 21 मार्च कार्यालयीन समय शाम 5:30 बजे तक दावा, आपत्ति कर सकते हैं। दावा, आपत्ति अप्राप्त होने पर कार्यालय में प्रदर्शित सूची को अंतिम मानी जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया है कि आवेदक अपनी दावा, आपत्ति रजिस्टर्ड डाक, स्पीड पोस्ट एवं कोरियर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। किसी अन्य माध्यम, ईमेल या कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत दावा-आपत्ति मान्य नहीं होगी।







तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

